राष्ट्रीय सहारा

28.09.2018

डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरीडोर की स्थापना में नॉलेज पार्टनर होगा आईआईटी व बीएचयू

वाराणसी (एसएनबी)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बीएचयू अब देश की सुरक्षा में भी अहम भूमिका निभाएगा। प्रदेश सरकार द्वारा डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरीडोर की स्थापना की प्रक्रिया शुरू हो चुकी ह। इस कॉरीडोर के नॉलेज पार्टनर के रूप में आईआईटी (बीएचयू) को परियोजना के बारे में तकनीक और कौशल विकास की जानकारी व सहयोग देने के लिए प्रस्ताव के अनुसार 15 करोड़ रूपये देने का निर्देश दिया गया है। लखनऊ में बीते मंगलवार शास्त्री भवन में मुख्यमंत्री द्वारा परियोजना की प्रगति समीक्षा के दौरान संस्थान के निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार जैन ने परियोजना में संस्थान की भागीदारी कैसे हो इस पर प्रस्तुति दी। उन्होंने मुख्यमंत्री को पांच प्रमुख बिंदुओं पर जानकारी दी जिसमें स्मार्ट और सेंसर मैटेरियल्स, कंपोजिट, धातु और मिश्रित धातु, नवीन पद्धतियों और तकनीकों, सुरक्षा व खतरों की जांच और रक्षा वास्तु कला, मशीनिंग और असेंबली प्रीसीशन इंजीनियरिंग पर प्रमुख रूप से चर्चा हुई। इस परियोजना में आईआईटी कानपुर भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। गौरतलब हो कि इस परियोजना की स्थापना के लिए अलीगढ़, आगरा, झांसी, चित्रकूट, कानपुर और जालौन में लगभग 5125 हेक्टेयर भूमि चिन्हित कर ली गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए संस्थान के निदेशक प्रो. पीके जैन ने बताया कि आईआईटी (बीएचयू) डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरीडोर के लिए उत्कृष्टता का केंद्र बने, इसके लिए सुरक्षा क्षेत्रों की अग्रणी संस्थान जैसे डीआरडीओ, ऑर्डनेंस फैक्टरी आदि का भी सहयोग लिया जाएगा।

आईआईटी के खिलाड़ी दूधिया रोशनी में खेलेंगे हॉकी

वाराणसी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बीएचयू) जिमखाना का हॉकी मैदान पर खिलाड़ी अब रात में दूधिया रोशनी हॉकी खेलेंगे। गुरुवार शाम हॉकी ग्राउंड की लाइट्स का उद्घाटन संस्थान के निदेशक प्रो. पीके जैन ने किया। इस मौके पर आईआईटी के खिलाड़ियों के बीच मैत्री मैच हुआ। हॉकी ग्राउंड पर लाइट लगने के साथ ही खिलाड़ी सूरज ढलने के बाद भी अभ्यास कर सकेंगे और इससे आईआईटी बीएचयू कैंपस में राष्ट्रीय खेल हॉकी को और बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक एवं डीन ने सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और खेल एवं पढ़ाई के बीच एक संतुलन बनाकर आगे बढ़ने की सलाह दी। इस अवसर पर डीन (स्टूडेंट्स अफेयर्स) प्रो. बीएन राय, डीन (एकेडमिक अफेयर्स) प्रो. एएसके सिन्हा, गेम्स एंड स्पोर्ट्स कौंसिल के कॉउंसलर प्रो. आरएस सिंह समेत अन्य प्रोफेसर उपस्थित रहे।